


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना



प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 5 | अंक : 29 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 27 फरवरी से 5 मार्च 2025 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5


## बद्हाल शहर का भ्रमण थार में बैठकर करेंगे मुख्याधिकारी
## फायर स्टेशन बंद अग्निशमन निधि से 27 लाख के वाहन की खरीदी

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया नगर परिषद प्रशासन ने कर्मचारियों की कमी व उनका वेतन देने के लिए निधि ना होने के चलते न्यू लक्ष्मी नगर फायर स्टेशन को बंद कर दिया है। वहीं दूसरी ओर मुख्याधिकारी के घूमने के लिए अग्निशमन सक्षमीकरण निधि से 27 लाख रुपए की कीमत से महिंद्रा थार वाहन की खरीदी की गई है?। तथा शहर की गंदगी वह अन्य समस्याओं से स्थिति बदल हो चुकी है तथा अब शहर का निरीक्षण इस ऐसो आराम वाले वाहन में बैठकर भ्रमण करने के पश्चात मुख्याधिकारी शहर का विकास करेंगे ?

गौरतलब है की नगर परिषद प्रशासन हमेशा ही शहर के विकास के लिए निधि की कमी का रोना रोते रहता है तथा आवश्यक सेवाओं को भी निधि की कमी बात कर रोका जाता है. लेकिन वहीं दूसरी और बेवजह अनावश्यक खर्च कर शासन की निधि को का दुरुपयोग किया जा रहा है।

हाल ही में शनिवार 22 फरवरी को गोंदिया के मुख्याधिकारी के घूमने के लिए महिंद्रा थार की खरीदी कर लाया गया है तथा यह वहां अग्निशमन विभाग के सक्षमीकरण के लिए सुरक्षित रखी गई निधि से खरीदा गया है। उपरोक्त निधि से फायर व अग्निशमन संबंधित सुरक्षा उपकरणों को की खरीदी की जानी है लेकिन उपकरणों की खरीदी ना करते हुए 27 लाख रुपए कीमत के वाहन की खरीदी मुख्या धिकारी वह प्रशासक के घूमने के लिए की गई है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में मुख्याधिकारी के लिए वर्ष 2020 में बोलेरो वाहन




खरीदा गया था जिसकी 5 साल की अवधि ही हुई है। लेकिन 5 साल के अंदर ही एक और नया वाहन खरीदना प्रशासन की तानाशाही वह मनमानी साफ उजागर करता है क्योंकि एक चौपहियां वाहन शासन के नियम अनुसार 15 वर्षों तक उपयोग किया जाता है।

कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसा नहीं फायर स्टेशन किया बंद गोंदिया शहर के बढ़ते विस्तरी करण आग लगने की घटना होने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए शहर के उत्तरी क्षेत्र न्यू लक्ष्मी नगर में नए फायर स्टेशन का निर्माण किया गया था। जिसमें ठेकेदारी पद्धति के कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था लेकिन नगर परिषद प्रशासन के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए निधि ना होने के चलते ठेकेदारी कर्मचारियों को बंद किया गया. लेकिन वहीं दूसरी ओर विलासिता के लिएअग्निशमन सक्षमीकरण निधि से 27 ला ख रुपए की कीमत का वाहन खरीदा जाता है। लेकिन कर्मचारियों को वेतन देने के लिए निधि नहीं बताई जा रही साथ ही अग्नि सामान सुरक्षा उपकरणों की खरीदी के बदले विलासिता के लिए वाहन की खरीदीकी गयी है जिससे इस वाहन खरीदी में भी गड़बड़ी की संभावना बड़े पैमाने पर जताई जा रही है।

मात्र 18 कर्मचारी कर रहे 12-12 घंटे कार्य गोंदिया शहर का विस्तार काफी हो चुका है शहर के साथ-साथ संपूर्ण जिले में आग लगने की घटना होने पर गोंदिया से अग्निशमनवाहन जाते हैं लेकिन मात्र 18 कर्मचारियों के भरोसे अग्निशमन विभाग चल रहा है। 9- 9 कर्मचारियों की 12-12 घंटे ड्यूटी लगाई जा रही है जिससे वह काफी मानसिक परेशानियों से गुजर रहे हैं कभी भी बड़ी घटना होने पर मानसिक परेशानियों से त्रस्त कर्मचारियों द्वारा कार्य किए जाने पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

### शहर में मच्छरों का आतंक छिड़काव नहीं लेकिन विलासिता पुरी




गोंदिया शहर में मच्छरों का आतंक काफी बड़ा हुआ है लेकिन नगर परिषद प्रशासन के पास मच्छरों की दवा छिड़काव करने के लिए निधि नहीं है वहीं दूसरी ओर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के घूमने के लिए महंगे वाहन की खरीदी की गई है।

### गटर योजना का अधूरा कार्य सड़के टूटी-फूटी

एक और नेताओं द्वारा शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के दावे किए जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर गटर योजना के अधूरे कार्य के चलते शहर की अधिकांश सड़के टूटी-फूटी हुई है उस और ध्यान न देकर मात्र नेताओ व अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विलासिता के साधन उपलब्ध किया जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर शहर की जनता की परेशानियों को नजर अंदाज किया जा रहा है।

प्रशासक राज में मनमानी 3 वर्षों से नगर परिषद के चुनाव न होने से जनप्रतिनिधि नहीं है जिसके चलते स्थानीय स्वराज्य संस्था नगर परिषद में प्रशासक राज लगा हुआ है जिसमें प्रशासक राज्य की मनमानी के चलते 3 वर्षों में शहर की स्थिति बदहाल हो चुकी है इस और भी अब तक वरिष्ठ नेताओं द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है प्रशासक राज में नागरिकों के कार्य भगवान भरोसे हो रहे हैं।

## वन्यजीव हमले का बोगस मामला नर्सरी में भारी गड़बड़ी
## तीन वन अधिकारियों को उपवन संरक्षक ने किया निलंबित

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया के उपसंरक्षक प्रमोद पंचभाई ने तिरोडा के वन परिक्षेत्र अधिकारी वह दो वनरक्षकों को वन्य जीव के हमले में बोगस मामला बनाने वह नर्सरी में भारी गड़बड़ी के भ्रष्टाचार के प्रकरण में 21 फरवरी को आदेश पत्र जारी कर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

गौरतलब है की गोंदिया वन विभाग के अंतर्गत भारी भ्रष्टाचार की शिकायत आने के पश्चात प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ कि तिरोडा वन परीक्षेत्र के अधिकारी आर जी मून , शैलेंद्र पारधी वन क्षेत्र सहायक तिरोडा व अब्दुल शकील दुर्रानी वन क्षेत्र सहायक वडेगांव द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। तीनों वन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिक जांच में भ्रष्टाचार का मामला सामने आने पर वन संरक्षक प्रादेशिक नागपुर के आदेश अनुसार गोंदिया के उपवन संरक्षक प्रमोद पंचभाई द्वारा तीनों वन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर अन्य अधिकारियों को उनका चार्ज लेने का आदेश 21 फरवरी को जारी किया।

जिसमें तिरोडा के वनपरिक्षेत्र अधिकारी आर जी मुन व शैलेंद्र गुलाबराव पारधी क्षेत्र सहायक तिरोडा द्वारा सोनेगांव निवासी गोविंद गोपी भगत जिसकी मौत पेड़ से गिरकर हुई थी लेकिन दोनों अधिकारियों द्वारा बोगस दस्तावेज तैयार कर उसकी



वन्य जीव जंगली सूअर के हमले में मौत दिखाकर 20 लख रुपए से अधिक का मुआवजा सरकार से अवैध रूप से पीड़ित परिवार को दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की थी। साथ ही तिरोड़ा वन क्षेत्र के अंतर्गत मानसून 2024 के दौरान अब्दुल शकील अब्दुल दुर्रानी क्षेत्र सहायक वड़ेगांव ने वन विभाग की विभिन्न नर्सरींयों में पौधों की नर्सरी तैयार करने के नाम पर भारी गड़बड़ी की थी। जिसमें खैरलांजी पौधा समूह क्र. 559/2,560/2 व 565/1 झाड़ी वन क्षेत्र 13.00 हेक्टेयर, खैरलांजी-2 पौधा वन स्थल समूह क्र. 630 व 637 झाड़ी वन क्षेत्र 7.00 हेक्टर, माल्ही पौधारोपण क्षेत्र कक्ष 884, झाड़ी वन समूह क्र. 270 व 271 क्षेत्रफल 10.00 हेक्टेयर, परसवाड़ा भाग 1 पौधारोपण कक्ष क्र. 899 झाड़ी वन समूह क्र. 759, 792, 793, व 789 क्षेत्रफल 14.00 हेक्टेयर, ईसापुर कक्ष क्र. 899 झाड़ी वन समूह क्र. 871 आरक्षित वन समूह क्र. 9 व 68, 89 क्षेत्र 10.00 हेक्टेयर में 2024 के प्रथम मानसून सत्र में किए गए पौधरोपण कार्य में अनियमितताएं पाई गई।

वन विभाग का यह घोटाला सामने आने पर निलंबन कार्रवाई की होने पर वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सुरेश जाधव से वसूली कब भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच में दोषी पाए गए वन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित तो किया गया है ठीक इसी प्रकार का एक मामला गोरेगांव वन परी क्षेत्र के तत्कालीन वनपरी क्षेत्र अधिकारी सुरेश जाधव द्वारा वन तलाव के मामले में भारी घोटाला किया गया था। जिसकी जांच विभागीय आयुक्त कार्यालय द्वारा किए जाने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सुरेश जाधव दोषी पाया गया था जिसमें जाधव सहित दो अन्य आरोपियों से 12 लाख 56हजार की वसूली का आदेश तत्कालीन जिलाधिकारी कादंबरी बलकवड़े द्वारा जारी कर वसूली करने का निर्देश दिया था लेकिन अब भी उसे मामले में वन विभाग द्वारा जाधव से वसूली नहीं की गई है। उल्लेखनीय की उसके पश्चात फिर से गोंदिया वन परी क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से सागवान की कटाई के मामले में सुरेशजाधव को भी निलंबित किया गया था।

## ऑपरेशन जीवन रक्षक-चलती ट्रेन से गिरी महिला यात्री की आर.पी.एफ जवान ने बचाई जान

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 4 से गोंडवाना एक्सप्रेस के रवाना होते ही एक महिला यात्री ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी जिससे उसका संतुलन बिगड़ गया वह ट्रेन वह प्लेटफार्म की गेप में गिर गई इसी दौरान ऑपरेशन जीवन रक्षक के तहत प्लेटफार्म पर निगरानी कर रहे रेलवे सुरक्षा बल के जवान ने अपनी जान की परवाह न कर महिला यात्री को ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच के गैप से निकलकर ट्रेन की बोगी में चढ़ाने का साहसिक कार्य किया।




गौरतलब है की ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन जीवन रक्षक अभियान रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहा है इसी अभियान के दौरान रविवार 23 फरवरी को सुबह 10-34 पर प्लेटफार्म क्रमांक 4 में गोंडवाना एक्सप्रेस के आने के पश्चात 10. 38 पर रवाना होने लगी इसी दौरान एक महिला यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगी जिसमें उसका संतुलन बिगड़ गया तथा वह ट्रेन - प्लेटफार्म के बीच के गैप में चली गई।

महिला यात्री ट्रेन के पहिए की चपेट में आने वाली थी कि इसी दौरान प्लेटफार्म पर सुरक्षा में तैनात रेलवे सुरक्षा बल के प्रधान आरक्षक के.ए.अंसारी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए दौड़कर उस महिला यात्री को गैप से बाहर निकाल कर ट्रेन के अंदर सुरक्षित रूप से धकेलते हुए चढ़ा दिया। सुरक्षा बल के जवान के.ए.अंसारी के साहसिक कार्य की सराहना गोंदिया रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी विनोद तिवारी द्वारा कर की गई।

## वैगन शेड में जाते हुए दिवार से टकराया रेल इंजिन बड़ा हादसा टला जनहानि नहीं

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे इंजन को टावर शेड में ले जाते समय अचानक इंजन दीवार से टकरा गया तथा दीवार गिर गई, हालांकि इस घटना में एक बड़ा हादसा टल गया जिसमें किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे के दौरान लोको पायलट द्वारा इंजिन को टॉवर वैगन शेड में दाखिल किया जा रहा था। इस दौरान इंजिन थोड़ा आगे चले जाने से शेड के पीछे के हिस्से की दीवार भरभराकर गिर पड़ी। हालांकि इस हादसे में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नही घटी। जिस हिस्से की वैगन शेड की दीवार गिरी, वो हिस्सा उड़ान पुल की तरफ निकलता है। दीवार के



बाद रेल पटरियां नहीं है। अगर और थोड़ा इंजिन आगे निकलता तो वो बुरी तरह क्षति हो सकता था, परन्तु उसे लोको पायलट द्वारा समय रहते नियंत्रित कर लिया गया। घटना की खबर लगते ही सुरक्षाकर्मी, रेल अधिकारी वहां पहुँच गये।

## अज्ञात वाहन की टक्कर मासुम की मौत

**बुलंद गोंदिया** ।गोरेगाव पोलीस थानांतर्गत मुंडीपार में अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 8 वर्षीय मासुम की मौत हो गई। यह घटना 21 फरवरी को दोपहर 2-30 बजे के दौरान घटित हुई है। मृत बालक का नाम सड़क अर्जुनी तहसील के मसवानी ग्राम निवासी कृणाल युवराज शेडे बताया गया है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बालक कृणाल अपने माता-पिता के साथ मुंडीपार में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने आया था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से कृणाल की मृत्यु हो गई ।गोरेगांव पुलिस ने घटना का पंचनामा कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



## जि.प सभापतियों को विभाग वितरण हर्षे शिक्षा व स्वास्थ्य, डॉ. भगत बाधकाम व वित्त ,दीपा चंद्रिकापुरे को पशु व कृषि विभाग

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिला परिषद की आम सभा 24 फरवरी सोमवार को आयोजित की गई थी जिसमें गत दिनों निर्वाचित सभापतियों के विभागों का वितरण किया गया।



गौरतलब है की जिला परिषद के विषय समितियां के सभापति पद के लिए 10 जनवरी को जिला परिषद के वसंत राव नाईक सभागृह में आयोजित चुनाव में भाजपा के चार उम्मीदवार निर्वाचित हुए थे। जिसमें ईटखेड़ा जिला परिषद क्षेत्र से पूर्णिया ढेंगे को महिला बाल कल्याण सभापति पद तथा समाज कल्याण सभापति पद पर तिरोडा तहसील के सरांडी जिला परिषद क्षेत्र से रजनी ताई कुंभरे निर्वाचित हुई थी। शेष तीन सभापति को विभागों का वितरण नहीं हुआ था जिसके लिए 24 फरवरी को जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेडारकर की अध्यक्षता में आयोजित विशेष सर्वसाधारण सभा में विषय समिति का वितरण किया गया। जिसमें बांधकाम वह वित्त विभाग डॉक्टर लक्ष्मण भगत ,स्वास्थ्य व शिक्षा समिति उपाध्यक्ष सुरेशबी हर्षे ,कृषि व पशु संवर्धन विभाग दीपा चद्रिकापूरे को दिया गया है।

## संपादकिय...

# आर्थिक पाठ्यक्रम के पाठ

फाइलें नोट करती रहीं काम के, लेकिन हुजूर चस्पां थे इत्मीनान से। हिमाचल में सबसे पहले और सबसे आगे अगर नवाचार हुआ, तो यह ट्रांसफर एडजस्टमेंट का नित नया पैंतरा रहा। तू डाल-डाल, मैं पात-पात के इस खेल में कर्मचारी राजनीति ने सचिवालय से सडक़ तक को गुमराह किया। यह एक भंवर है जहां प्रदेश का कर्म, राजनीति का भ्रम और राज्य का भविष्य बार-बार डूबा। यानी सरकारी नौकरी प्रदान करने में सत्ता जादूगर, कर्मचारी मालिक और राजनीति साम्राज्य बन गई। प्रदेश के संसाधन, उधार की परिक्रमा में ऐसे व्यय पर लट्टू रहे जो आज बजट की तासीर को कमजोर बनाता है। जहां पगार देने के लिए कर्ज लेना पड़ता हो, वहां यह इंतखाब घातक है, इसलिए अब प्रदेश को अपने ही बोझ से निजात चाहिए। सरकार की उदारता बहुत देखी और पिछले कई चुनावों से पूर्व सत्ता पक्ष ने बहलाने-फुसलाने या सियासी चमत्कार दिखाने की कोशिश में खजाने को पंगु बना दिया। बहरहाल कर्मचारी मसलों में क्रांतिकारी कदम चाहिए और यह हिम्मत दिखानी पड़ेगी, वरना यह प्रदेश अब अपने ही ढांचे के नीचे हड्डियां तुड़वा रहा है। अगर दो दर्जन कालेज और स्कूलों का एक सैंकड़ा हटाना या बंद करना पड़ रहा है, तो यह दौर खुद को समझाने और संभालने का है। जाहिर है सरकार को ये कदम लेने पड़ रहे हैं, वरना सियासी ढोल नगाड़े तो यही चाहते हैं कि बहते दरियाओं में किश्तियां बढ़ती रहें। बेशक आज हिमाचल जहां है, वहां विकास की मात्रात्मक पहचान ने नागरिक समाज को जागरूक किया। सामाजिक सुरक्षा के हर पहलू में घर-घर तक यह खत आया कि शिक्षा व चिकित्सा अब उनके नजदीक है, लेकिन विस्तार की यह परिभाषा अप्रासंगिक होने लगी तो तरक्की के विषय बदलेंगे, आगे बढने् के पाठ्यक्रम बदलेंगे। एक पाठ्यक्रम शिक्षा ने दिया, लेकिन दूसरा अब हमारे आर्थिक संसाधन बना रहे हैं। आर्थिक संसाधनों का पाठ्यक्रम हमें विवश कर रहा है कि अब वास्तविकताओं को नजरअंदाज न करें। यह जवाबदेही मांग रहा है, वित्तीय कसौटियां भांप रहा है। फिजूलखर्चियों के चंगुल से बचा रहा है, तो सरकारी कार्यसंस्कृति में अनुशासन बढ़ाने की ताकीद कर रहा है। हिमाचल को अपने आर्थिक पाठ्यक्रम के पाठ बढ़ाते हुए हर विभाग के लक्ष्य तय करने होंगे। सरकारी क्षेत्र के हर कर्मचारी-अधिकारी के जज्बात अब वेतन-भत्तों की गणना नहीं, बल्कि दायित्व को औचित्यपूर्ण बनाना है। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला से राज्य कैडर में परिवर्तित होने का अनुशासित पक्ष, प्रशंसनीय है। आर्थिक पाठ्यक्रम महज बजट का शीर्षासन नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति के हर पल की गवाही है। अगर एचआरटीसी कैशलैस ट्रांजेक्शन से अपनी कार्य संस्कृति को सुधार रहा है, तो हर निगम की बचत में कर्मचारियों के हाथ-पांव फूलने चाहिएं। विभागीय दक्षता और कार्यप्रणाली की सफलता में ट्रांसफर का धोबीघाट होना चाहिए ताकि सनद रहे कि नौकरी सिर्फ अधिकार नहीं, दायित्व के जवाबदेही है।

# शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब गांव से लेकर शहर तक गूंजा हर-हर महादेव

## मंदिरों में अभिषेक व आराधना खामतलाव के भगवान बहिरंगेश्वर मंदिर में पूजा के लिए लगी कतार

**भंडारा**-महाशिवरात्रि का पर्व पूरे जिले में श्रद्धा, और उत्साह के साथ मनाया गया. छोटा महादेव के नाम से प्रख्यात गायमुख तीर्थस्थल, अंभोरा की पहाड़ी और जिले भर के शिवालयों पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा. बुधवार को सुबह 4 बजते ही मंदिरों के पट खुले और भगवान शिव की पूजा अर्चना शुरू हो गई. गोंदिया जिले के प्रतापगढ़ और नागपुर जिले के अंभोरा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भोले बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा और भक्तिभाव अर्पित किया. श्रद्धालु अपने वाहन से, जो भी साधन उपलब्ध मिले, तीर्थ स्थान के लिए रवाना हुए. हमेशा की तरह परिवहन विभाग ने तीर्थयात्रियों के लिए अतिरिक्त बस सेवा उपलब्ध करवाई. तमाम यात्रा स्थलों पर पुलिस की व्यवस्था बनी रही. भंडारा जिले के तुमसर तहसील में गायमुख, नागझिरी, धुटेरा, मोहाड़ी तहसील में डोंगरदेव, पवनी तहसील में कोरंभी महादेव, वैजेश्वर मंदिर (पवनी), डोंगर महादेव (नेरला), चकारा (अड्याल), लाखनी तहसील में किटाडी (पर्वत), शिवतीर्थ (खुनारी), साकोली तहसीलमें शिवनीबांध, गढ़ ?कुंभंली, उमरझरी, उकारा लाखांदुर तहसील में चुलंबद शिवतीर्थ, झिरी तालाब, भंडारा तहसील में लाखा पाटिल (कोका) और साथ ही हत्तीडोई (बल्या की पहाडी), गिरीला झिरी (नांदोरा) अन्य छोटे गांवों में महाशिवरात्रि में हर हर महादेव का शोर गुंज उठा. भक्तों ने जत्थों ने






गाया %महादेवा जातो गा... %जिले के तमाम शिवालयों में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखा. हर जगह शिवतीर्थ पर यात्रा में भारी भीड उमड पडी. हजारों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन करने शिवालयों में पहुंचे. कई प्रसिद्ध मंदिरों में महाशिवरात्रि से पहले ही तीर्थयात्रा शुरू हो गई और मन्नतें पूरी करने के लिए भक्तों के पोहे (जत्थे) महादेवा जातो गाओ.. का जयकारा लगाते हुए शिवतीर्थ के लिए रवाना हो गए. यह जत्थे आज पूजा-अर्चना के बाद अपने घरों की ओर लौटने लगे. महाप्रसाद महिला भंडारा, ब्यूरो. भंडारा शहर के प्रसिद्ध खामतलाव के बहिरंगेश्वर मंदिर में भी सुबह से ही महाशिवरात्रि के अवसर भोले भक्त अपने आराध्य के समक्ष शीश नवाने के लिए उमड़ पड़े. शहर के जो भक्त अपने आरध्य की दूर की यात्रा में नहीं जा पाए, उन्होंने इस मंदिर में पहुंचकर आस्था के फूल बिखेरे, मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ देखी गई. आज महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में मंदिर प्रबंधन की ओर से भीड़ और असुविधा से बचने के लिए पर्याप्त और अच्छी सुविधा उपलब्ध कराई गई. फूलों की माला से मंदिर की सजावट और लाइटिंग की गई थी. रोशनी से शिवालय आकर्षक नजर आ रहे थे. सर्वत्र धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मची थी.

अधिकांश स्थानों पर मेले जैसा नजारा था. तीर्थ स्थलों पर पेयजल, महाप्रसाद, खिचड़ी का वितरण विविध धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों की ओर से किया गया. पुलिस ने शांति, सुरक्षा की दिशा में व्यापक प्रयास किए. यात्रा क्षेत्र में दूकानें लगी रही. खिलौने, भोजन और पेय पदार्थ, सौंदर्य प्रसाधन, गणित, हस्तशिल्प और आवश्यक वस्तुएं, सामान, फल, नाश्ता, पूजन सामग्री की दूकानों पर भारी भीड़ देखी गई.

# प्रतापगढ़ जाने वाली सड़क की दुर्दशा

## जिलाधीश के आदेश की हो रही अनदेखी



**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के प्रतापगढ़ में महाशिवरात्रि यात्रा की तैयारियां चल रही थीं, उस वक्त जिलाधीश ने लोक निर्माण विभाग को सड़कों की तुरंत मरम्मत करने का निर्देश दिया था.

लेकिन निर्माण विभाग ने इस आदेश की अनदेखी की है, इसलिए श्रद्धालुओं पर इसका असर पड़ रहा है. हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए प्रतापगढ़ आते हैं. यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए जिलाधीश प्रजीत नायर की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई थी. इस अवसर पर विधायक राजकुमार बडोले, जिप अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी व विभिन्न विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे. जिलाधीश ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य सेवाएं, जलापूर्ति, पार्किंग व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्ण संचार व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे. नवेगांवबांध-कवठा-कालीमाटी-प्रतापगढ़ मार्ग के दोनों ओर मुरुम डालकर तथा रोलर से उसे दबाने के निर्देश निर्माण उपविभाग अर्जुनी मोरगांव के उपविभागीय अधिकारी दरवड़े को दिए थे. लेकिन निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण इस सड़क की अभी तक मरम्मत नहीं हो पाई है. इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं पर असर पड़ने की संभावना है.

# प्राकृतिक आपदा के कारण ढहे मकान

## नुकसानग्रस्तों को सरकारी सहायता की है प्रतीक्षा

**गोंदिया**-तिरोड़ा तहसील में अगस्त, सितंबर और जुलाई 2024 के बीच प्राकृतिक आपदाओं के कारण बड़े पैमाने पर घरों को नुकसान हुआ. प्रशासन ने नुकसान पर एक रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंप दी है तथा नागरिकों ने पुनर्वास के लिए तत्काल वित्तीय सहायता की मांग की है. पिछले वर्ष तिरोड़ा तहसील में लगातार अतिवृष्टि और अप्रत्याशित मौसम परिवर्तन के कारण कई गांवों में व्यापक क्षति हुई है. मानसून के दौरान तहसील के कुछ गांव पूरी तरह बाढ़ में डूब गए, जबकि कुछ स्थानों पर हवा के तेज झोंकों से घर नष्ट हो गए. इस आपदा ने किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया. अगस्त और सितंबर 2024 में तहसील के 89 गांव बाढ़ और तूफान से प्रभावित हुए. इस अवधि के दौरान



22,07,400 रु. का नुकसान हुआ है. प्रशासन ने नागरिकों के पुनर्वास और मकानों की मरम्मत के लिए सरकार से 53 लाख 50 हजार रु. की सहायता मांगी है. इसके अलावा जुलाई 2024 में 35 गांवों में 18 घर पूरी तरह से ढह गए. इस नुकसान के बाद प्रशासन ने 26 लाख 10 हजार रु. की सहायता की मांग की थी, लेकिन अभी तक कोई सहायता न मिलने से पीड़ित परेशान हैं.

# छत्तीसगढ़ से दोपहिया चुराकर तुमसर में बेच रहे चोर को पुलिस ने दबोचा

## आठदो पहिया समेत दो लाख 90 हजार का माल किया जब्त

**तुमसर**-छत्तीसगड़ राज्य से दोपहिया चुराकर तुमसर में लाकर वाहनों की नंबर प्लेट बदलकर भंडारा जिले में बेचने वाले बदमाश को तुमसर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



आरोपी के मोबाईल लोकेशन के जरिए पुलिस उसतक बुट्टीबोरी हिंगणा में पहुंची। आरोपी दोपहिया चोर का नाम गोंदिया जिले के गोरेगांव तहसील के पाथरी ग्राम निवासी वाल्मिकी उर्फ बालु लोकचंद हरिणखेडे (42) बताया जा रहा है। आरोपी वाल्किकी यह छत्तीसगड़ राज्य से दोपहिया चुराकर तुमसर शहर में लाया करता था। यहा पर उसे जिले की एमएच 36 सीजीज की नंबर प्लेट लगाया करता था। जिसके बाद यह दोपहिया बेहद कम किमत में स्थानीय लोगों को बेचता था। आरोपी ने तुमसर शहर से भी एक दोपिहया चुराई। इसकी जानकारी तुमसर पुलिस को मिलती ही आरोपी के मोबाईल नंबर के आधार पर उसके लोकेशन का पता लगाया गया। आरोपी वाल्किकी को पुलिस ने बुट्टीबोरी हिंगणा परिसर से पकड़ा। वह अपने बेटे के साथ रहता था। तुमसर में हॉटेल, शिवभोजन केंद्र व अन्य भीड़ वाले स्थान पर से दोपहिया की चोरी की जाती थी। तुमसर पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की दो लाख 90 हजार किमत की आठ दोपहिया जब्त की। आरोपी वाल्मिकी ने तुमसर क्षेत्र में कितनी दोपहिया बेची इसका पुलिस पता लगा रही है।

# रोजगार मेले में नक्सलग्रस्त क्षेत्र के 106 युवाओं को मिली नौकरी

## 5 सौ युवा मेले में आए थे सुरक्षा गार्ड व कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए चयन हुआ

**गोंदिया**-पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे की संकल्पना व अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, देवरी के उपविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक पाटील के मार्गदर्शन में पुलिस दादालोरा खिड़की योजना के अंतर्गत गोंदिया पुलिस दल द्वारा जीडीएक्स सिक्युरिटी सोल्यूशन इंडिया प्रा.लि. बिलासपुर छत्तीसगढ़ के साथ मिलकर 20 से 22 फरवरी तक जिले के अतिसंवेदनशील नक्सलग्रस्त क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए पुलिस स्टेशन सालेकसा, चिचगढ़, डुग्गीपार में सुरक्षा पर्यवेक्षक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर रेटर पदों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। इस रोजगार मेले में नक्सलग्रस्त क्षेत्र के 400 से 500 की संख्या में सुशिक्षित बेरोजगार युवा शामिल हुए। उनकी शारीरिक जांच एवं पात्रता के अनुसार दस्तावेज जांच कर 106 युवकों का जीडीएक्स कंपनी में सुरक्षा गार्ड, सुरक्षा पर्यवेक्षक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के लिए चयन किया गया। चुने गए युवकों को 3 दिन का प्रशिक्षण देकर तत्काल बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर एवं भिलाई में कंपनी में ज्वॉइनिंग दी जाएगी। इस उपक्रम के आयोजन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सालेकसा के थानेदार भूषण बुराडे, चिचगढ़ के थानेदार तुषार कढेल, डुग्गीपार के थानेदार मंगेश काले एवं नक्सल सेल गोंदिया के प्रभारी अधिकारी प्रमोद भातनाते, सहायक पुलिस निरीक्षक संजय नाईक, पुलिस उपनिरीक्षक श्रीकांत हत्तीमारे, हवलदार भास्कर हरिणखेड़े ने प्रयास किया।



# गोंदिया-गंगाझरी स्थित समपार 28 से बंद




**गोंदिया**-दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा सुरक्षित, संरक्षित और निर्बाध गति से ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है. गोंदिया-गंगाझरी के मध्य किमी 1008 / 21-23 पर स्थित मानव सहित समपार क्र. 511 को संरक्षा कारणों से 28 फरवरी सुबह 6 बजे से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है. इसके स्थान पर सड़क उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. यह कदम ट्रेन परिचालन को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाने के साथ-साथ लेवल क्रॉसिंग पर होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह ने सभी सड़क उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे 28 फरवरी से समपार क्र. 511 के स्थान पर नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज का उपयोग करें. इस कदम से सड़क उपभोक्ता न केवल सुरक्षित रूप से ट्रैक को पार कर सकेंगे, बल्कि उनकी यात्रा भी अधिक सुगम और समयबद्ध होगी, साथ ही ट्रेन परिचालन को भी अधिक कुशल और निर्बाध बनाएगा.

# अंधश्रद्धा से मुक्त जीवन में आवश्यक सुधार करें

## टेमनी में संत गाडगेबाबा महाराज मनाई जयंती

**गोंदिया**-तहसील के ग्राम टेमनी के ग्राम पंचायत कार्यालय में संत गाडगेबाबा महाराज जयंती सरपंच योगेश पटले की अध्यक्षता में मनाई गई. इस अवसर पर प्रमुख उपस्थिति के रुप में उपसरपंच शैलेंद्र डोंगरे, ग्रापं सदस्य उमासिंग उईके, संदीप बानेवार, रिना किरणापुरे, सुषमा पटले, किर्ती भेलावे, प्रियांका नांदने, पुलिस पाटिल नरेश परिवार, शाला व्यवस्थापन समिति अध्यक्ष दुर्योधन वंजारी, रोजगार सेवक रंजीत पंडेले, पिंटू बरेले, ओमकार पारधी आदि उपस्थित थे. इस दौरान संत गाडगेबाबा ग्रामस्वच्छता अभियान चलाया गया व ग्राम पंचायत परिसर स्वच्छ किया गया. सरपंच योगेश पटले ने कहा कि आज हम सभी को संत गाडगेबाबा महाराज के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है. जिससे की हम अंधश्रद्धा से मुक्त होकर जीवन के सुधार करे व स्वच्छता कर अपने परिसर को गंदगी मुक्त रखे.



# गाड़गेबाबा की जयंती मनी SP ऑफिस में कार्यक्रम

**गोंदिया**-गोंदिया पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संत गाड़गे बाबा की जयंती मनाई गई. प्रभारी पुलिस उपअधीक्षक (मुख्यालय) नंदिनी चानपुरकर के हाथों संत गाड़गे बाबा के चानपुरकर छायाचित्र पर माल्यार्पण कर अभिवादन किया गया. इस अवसर पर पुलिस उपनिरीक्षक श्रीकांत हत्तीमारे, पुलिस अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.



# अनधिकृत बैनर को रोकने में नप विफल

## प्रशासन की अनदेखी से राजस्व का नुकसान

**गोंदिया**-शहर में अनाधिकृत रूप से नजर आने वाले बैनरों को रोकने में स्थानीय नगर परिषद प्रशासन विफल रहा है. परिणामस्वरूप यह है कि नगर परिषद प्रशासन की अनदेखी के कारण नगर परिषद को विज्ञापन के माध्यम से लाखों रु. के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है. आज भले ही प्रचार के कई तकनीकी साधन मौजूद हैं, लेकिन नेता, राजनेता, शैक्षणिक संस्थान और अन्य व्यक्ति बैनर और होर्डिंग्स के माध्यम से प्रचार पाने की कोशिश कर रहे हैं. नगर परिषद ने शहर के अलग-अलग इलाकों में सरकारी होर्डिंग, बैनर लगाने के लिए सरकारी स्थान तय कर दिए हैं. इस बीच शहर के कई हिस्सों में अनाधिकृत होर्डिंग और बैनर की तस्वीरें दिखाई दे रही है. जन्मदिन, जयंती, समारोह, उद्घाटन, शैक्षणिक कक्षाओं सहित किसी भी कारण से होर्डिंग लगाना आज एक चलन बन गया है. जिससे कई स्थानों पर यातायात बाधित हो रहा है और वाहन चालकों की नजर इन होर्डिंग्स पर जाने से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं. यदि नगर परिषद सीमा के भीतर कहीं भी किसी भी प्रकार के होर्डिंग्स लगाए जाने हैं तो नगर परिषद के विज्ञापन विभाग की अनुमति अनिवार्य है. इन्हें आवश्यक शुल्क का भुगतान करके निर्धारित अवधि के भीतर ही आवेदन करना होगा. शहर में होर्डिंग्स की जांच जरूरी आज शहर में जगह-जगह लगे होर्डिंग्स को देखकर यह जांच करना जरूरी है कि कितने होर्डिंग्स लगाने वालों ने इसकी अनुमति ली है और अवैध रूप से बैनर लगाने वालों पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाए. लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है. दरअसल, अनाधिकृत होर्डिंग्स लगाए जाने पर नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं. इस संबंध में नगर परिषद प्रशासन को संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर होर्डिंग लगाने वालों पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है.




# कार्रवाई करने गए पटवारी को तस्करों ने बेहरमी से पीटा

## टिप्पर मालिक समेत तीन पर मामला दर्ज



**पवनी**-रेत लदे टिप्पर चालक को रॉयल्टी मांगने पर टिप्पर चालक समेत तीन लोगों ने मिलकर पटवारी की बेहरमी से पिटाई कर दी। यह घटना वलनी बोरगांव मार्ग पर - मंगलवार 25 फरवरी को घटित हुई। वलनी के पटवारी ज्ञानेश्वर लक्ष्मण ठाकरे (41) की शिकायत पर पवनी पुलिस ने नागपुर के पवन महाजन समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मुख्य आरोपी को बुधवार को कोर्ट में पेश करने पर जमानत मंजूर की गई है। जबकि अन्य दो आरोपी फरार है। पटवारी ज्ञानेश्वर लक्ष्मण ठाकरे (41) यह मंगलवार 25 फरवरी को वलनी परिसर में फसलों का जायजा ले रहे थे। इस दौरान वलनी से बोरगांव मार्ग पर वलनी में राजेंद्र पंढरी जिभकाटे के खेत में रेती संग्रहित दिखी। वहां पर टिप्पर क्रमांक एमएच 40 आरके 5853 में जेसीबी से छह ब्रास रेती लादी गई थी। उस समय पटवारी ज्ञानेश्वर ठाकरे ने टिप्पर चालक को रोककर रेती की रायल्टी मांगी तो टिप्पर चालक ने कागजात नहीं दिए। मौके पर मौजूद क्रेटा कार क्रमांक 40 सीक्यू 4137 में बैठे कुछ बदमाशों ने पटवारी ज्ञानेश्वर ठाकरे को गालीगलौज कर उसकी पिटाई कर दी। ठाकरे द्वारा जब्त की गई टिप्पर की चाबी निकालकर रेती लदा वाहन व क्रेटा कार लेकर बदमाश मौके से फरार हो गए।

## नालियों की गंदगी से उठ रही बदबू से सांस लेना तक दूभर खतरे में



**देवरी**-तहसील के गट ग्राम पंचायत शेरपार में, गांव की नालियां कचरे और गंदे पानी से भरी हुई हैं। नालियों की सफाई पर ध्यान न दिए जाने से गांव में बदबूदार वातावरण हो गया है। गंदा पानी जमा होने से गांव में मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। इससे बीमारी का खतरा बढ़ गया है। ग्राम पंचायत द्वारा इन सभी प्रकार की अनदेखी किये जाने से ग्रामीण प्रशासन पर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शेरपार में कई वर्षों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। इससे नाली का गंदा पानी वहीं पर जमा हो गया है। नाली के गंदे पानी में अनेक प्रकार के जीवजंतुओं के साथ ही बड़े पैमाने पर मच्छर पनप रहे हैं। गंदे पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है। इससे वातावरण बदबूदार हो गया है। इसका असर नागरिकों के स्वास्थ्य पर हो रहा है। गंदे पानी की निकासी नहीं होने से वह सड़क पर आ रहा है। वर्तमान समय में नाली की हालत काफी खराब है। इससे गांव में बीमारी का खतरा निर्माण हो गया है। लेकिन ग्राम पंचायत प्रशासन इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहा है। इसके चलते ग्रामीण अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

## मार्केटिंग के नाम पर 63 लाख की धोखाधड़ी आरोपी थाईलैंड फरार, शहर थाने में मामला दर्ज

**गोंदिया**-स्टॉक मार्केटिंग और फॉरेक्स मार्केटिंग में ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए भुगतान करने पर 10 प्रश. ब्याज देने का झांसा देकर रामनगर की एक महिला से 63 लाख रु. की ठगी की गई. इस घटना के संबंध में गोंदिया के कुंभारटोली निवासी एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. आरोपी पैसे लेकर थाईलैंड फरार हो गया है. दीनदयाल वार्ड, मनोहर कॉलोनी, रामनगर निवासी 48 वर्षीय फियादी द्वारा शहर थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कुंभारटोली निवासी आरोपी अंकुश कांबले (28) फिर्यादी के बेटे के साथ पढ़ता था. तो उसका उनसे पुराना परिचय है. 10 अगस्त 2024 को भाग्यवान शहारे अंकुश कांबले को रामनगर स्थित फिर्यादी के घर ले गया. अंकुश कांबले ने बताया कि उसका कार्यालय श्रीजी कॉम्प्लेक्स गोंदिया में है और वे अपने मोबाइल फोन से प्रश. 15 लाख रु. तक का लेनदेन करता है. अंकुश ने कहा, मैं लोगों को उनका पैसा 10 प्रश. ब्याज पर लौटाता हूं. आप मार्केटिंग में निवेश करें, मैं आपको आपका पैसा भी 10 प्रश. ब्याज पर लौटाऊंगा. अंकुश कांबले और भाग्यवान शहारे पर भरोसा करके फिर्यादी के साथ 63 लाख रु. की धोखाधड़ी की गई. जिसमें फिर्यादी से 37 लाख रु., उसके बेटे से 18 लाख रु. और बेटी से 8 लाख रु. शामिल है. शहर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 24 फरवरी को मामला दर्ज किया है. जांच सहायक पुलिस निरीक्षक संजय तुपे कर रहे हैं. खाते में नहीं हुआ पैसे जमा जब रकम पर ब्याज चुकाने की बारी आई तो फिर्यादी ने 5 जनवरी 2025 को अंकुश को फोन किया तो अंकुश ने कहा कि उसके पास फिलहाल नकद नहीं है, लेकिन वह ऑनलाइन भुगतान कर देगा. लेकिन खाते में पैसे जमा नहीं होने पर जब फिर्यादी का लड़का और दामाद आरोपी अंकश कांबले के घर गए तो वह घर पर नहीं था. जब उसकी मां से अंकुश के बारे में पूछा गया तो वह थाईलैंड चला गया, ऐसा बताया. उसकी मां ने कहा कि वह वापस आएगा और सबको पैसे लौटा देगा. लेकिन अंकुश वापस नहीं लौटा. फिर्यादी ने दूसरे के मुंह से सुना और लगाया पैसा अगस्त 2024 के पहले सप्ताह में फिर्यादी को भाग्यवान शहारे मिला. जब भाग्यवान से पूछा गया कि वह क्या काम करता है, तो उसने फिर्यादी को बताया कि वह ब्लड लैब के पूर्व कर्मचारी अंकुश कांबले के साथ मिलकर स्टॉक मार्केटिंग और फॉरेक्स मार्केटिंग में पैसा लगा रहा है और अंकुश उसे 10 प्रश. मासिक ब्याज पर पैसा लौटा रहा है. इसलिए उन्होंने अंकुश के साथ पैसा निवेश करने का फैसला किया.

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थीयो को प्रथम किस्त एवं मंजूरी पत्र वितरण कार्यक्रम



**बुलंद गोंदिया।** प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 10 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त वितरित करने और 20 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र जारी करने का कार्यक्रम वसंतराव नाईक सभागृह, जिला परिषद गोंदिया में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला परिषद गोंदिया के अध्यक्ष लायकराम भेंडरकर उपस्थित थे। इसके अलावा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम.मुरुगनन्थम ,समाज कल्याण सभापति रजनी कुंभार, पंचायत समिति गोंदिया के सभापति मुनेश राहंगडाले, ग्राम पंचायत के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी मधुकर वासनिक, सामान्य प्रशासन विभाग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी फरेन्द्र कुटीरकर, जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे, परियोजना निदेशक प्रमिला जाखलेकर, गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल उपस्थित थे। साथ ही, जिले के पालकमंत्री माननीय, बाबासाहेब पाटिल वी.सी. (टेलीविजन सिस्टम) के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रधानमंत्री आवास योजना ङ्क ग्रामीण चरण-2= वर्ष 2024-25 का आयोजन ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग द्वारा किया गया। इसमें प्रदेश के 20 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए तथा 10 लाख लाभार्थियों को अनुदान धनराशि की प्रथम किश्त वितरित की गई।

केंद्रीय गृह मंत्री माननीय अमित शाह एवं महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री माननीय के शुभ हाथों से। कार्यक्रम का आयोजन देवेन्द्र फडणवीस की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में माननीय एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री, माननीय उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री अजित पवार मुख्य अतिथि थे। इसके अलावा, माननीय जयकुमार गोरे, ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री, माननीय। ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज राज्य मंत्री योगेश कदम भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम पूरे महाराष्ट्र राज्य में दोतरफा संचार सुविधा के माध्यम से वी.सी. के माध्यम से प्रसारित किया गया।

गोंदिया जिले में 34,063 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र प्राप्त हो चुके हैं तथा निर्माण प्रक्रिया के लिए आवश्यक धनराशि सरकार द्वारा उपलब्ध करा दी गई है। राज्य सरकार की सभी के लिए आवास पहल के माध्यम से लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

मंच पर उपस्थित गणमान्यों ने योजना पर अपने विचार व्यक्त किए तथा आश्वासन दिया कि योजना का कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना निदेशक श्रीमती प्रमिला जाखलेकर ने किया। कार्यक्रम में जिले से बड़ी संख्या में लाभार्थी शामिल हुए।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण आवास निर्माण अभियंताओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम स्थल पर लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, आधार अद्यतनीकरण शिविर और आयुष्मान भारत कार्ड जारी करने के शिविर की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का संचालन सांख्यिकी विस्तार अधिकारी वैशाली खोबरागड़े ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सामान्य) फरेन्द्र कुटीरकर ने दिया।

## देवरी नगर पंचायत में विषय समिति सभापति चुने



**गोंदिया**-देवरी नगर पंचायत के सभापति पदों के चुनाव सोमवार 24 फरवरी को नगर पंचायत सभागृह में हुए। जिसमें आफताब अल्ताफ शेख को लोक निर्माण विभाग का सभापति चुना गया। स्वच्छता और स्वास्थ्य समिति के सभापति पद पर प्रज्ञा प्रमोद संगीडवार, अर्थ नियोजन, विकास, क्रीड़ा समिति सभापति पद पर संजय रतिराम दरवडे, महिला व बाल कल्याण , सांस्कृतिक कार्य सभापति पद पर सीता प्रकाश रंगारी निर्वाचित हुईं। इस चुनाव में किसी भी प्रकार का मतदान न होने के कारण सभी सभापति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। स्थायी समिति में नगराध्यक्ष संजू शेषलाल उइके पदसिद्ध सभापति हैं। इस समिति के उपाध्यक्ष पद पर सभापति प्रज्ञा प्रमोद संगीडवार एवं सदस्य पदों पर आफताब शेख, संजय दरवड़े एवं सीता रंगारी का समावेश किया गया है। सुबह 11 बजे चुनाव प्रक्रिया प्रारंभहुई। 12 बजे तक नामांकन किए गए। जिसके बाद एक-एक ही उम्मीदवार होने के कारण सभी सभापति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। पीठासिन अधिकारी के रूप में तहसीलदार महेंद्र गणवीर, मुख्याधिकारी करिश्मा वैद्य उपस्थित थे।

## साले ने किया जीजा का मर्डर डव्वा ग्राम में रॉड से किया हमला

**गोंदिया**-बहन से मिलने आए जिजा पर साले ने लोहे की रॉड से वार कर उसकी हत्या कर दी और अपनी ही बहन को विधवा कर दिया. यह घटना सड़क अर्जुनी तहसील के दीपकनगर डव्वा में शनिवार को शाम 4 से 5 बजे के दौरान घटित हुई. डुग्गीपार पुलिस ने इस प्रकरण में मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है. पुलिस ने फिर्यादी भंडारा जिले की साकोली तहसील के खांबा जांभड़ी निवासी मृतक के भाई चरणदास भैय्यालाल कोटांगले (58) की शिकायत पर आरोपी डव्वा निवासी साला हुमेश ओमप्रकाश राऊत (24) व ससुर ओमप्रकाश राऊत (55) के खिलाफ मामला दर्ज किया है. मृतक का नाम गिरधारी भैय्यालाल कोटांगले (33) बताया गया है. जानकारी के अनुसार चरणदास के भाई मृतक गिरधारी का विवाह सड़क अर्जुनी तहसील के डव्वा निवासी महिला से हुआ था. लेकिन वह विगत दो वर्षों से अपने मायके में रह रही थी. घटना के दिन मृतक गिरधारी यह अपनी पत्नी से मिलने के लिए डव्वा गया हुआ था. इसी बीच ससुर ओमप्रकाश राऊत व साला हुमेश राऊत ने मिलने क्यो आया है. ऐसा कहकर गिरधारी के सिर पर लोहे की रॉड से प्रहार कर उसे लहुलुहान ॠद4द्द कर दिया. जिसके बाद उसे पीएचसी डव्वा व उसके बाद केटीएस अस्पताल गोंदिया लाया गया. जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही उपविभागीय पुलिस अधिकारी देवरी विवेक पाटिल, पुलिस निरीक्षक मंगेश काले मौके पर पहुंचे और पंचनामा किया. डुग्गीपार पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस निरीक्षक मंगेश काले कर रहे हैं

### कूड़ेगांव में बुद्ध प्रतिमा व सभागार का होगा उद्घाटन विधायक पटोले होंगे कार्यक्रम के अतिथि

**लाखांदुर**-स्थानीय विकास निधि के तहत निर्माण सभागार का लोकार्पण एवं बुद्ध मूर्ति के अनावरण समारोह आयोजित किया गया है. उक्त समारोह आगामी 1 मार्च को दोपहर 2 बजे के दौरान तहसील के कूड़ेगाव में ग्रामीणों द्वारा आयोजित किया गया है. इस समारोह की प्रमुखता विधायक नाना पटोले करेंगे. इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में आरमोरी विस क्षेत्र के विधायक रामदास मसराम, जबकि विशेष अतिथि के रूप में धम्मदूत भदंत संघरत्न मानके उपस्थित रहेंगे. इस समारोह में प्रमुख मान्यवर के रूप में भंडारा जिप के पूर्व अध्यक्ष रमेश डोंगरे, तहसील कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रदीप बुराड़े, पूर्व जिप सदस्य मनोहर राउत, प्रणाली ठाकरे, जिप सदस्य विशाखा माटे, पंस सदस्य छबू दिवटे, मंगेश राउत, सरपंच दीपाली ब्राह्मणकर, पुलिस पाटिल सुषमा गिरीपुंजे, नपं के पूर्व गट नेता रामचंद्र राऊत, प्रा. पी एम ठाकरे, मुनेश्वर दिवठे, कृउबास सभापति सुरेश ब्राह्मणकर, संचालक अविनाश शिवनकर, उत्तम भागड़कर, लेखराम ठाकरे, दिनेश वासनिक, मयूर बोरकर, सेवक भेंड़ारकर, सहित अन्य मान्यवर उपस्थित रहेंगे.

## मेडिकल कॉलेज में आई नई एम्बुलेंस एसबीआई ने दी आपातकालीन सेवाओं में सुधार होगा



**गोंदिया**-शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की ओर से भेंट स्वरूप एक एम्बुलेंस प्रदान की गई है। इससे अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं में काफी सुधार होगा एवं मरीजों को जल्द और सुरक्षित यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। एम्बुलेंस के हस्तांतरण का कार्यक्रम नागपुर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासकीय मेडिकल कॉलेज गोंदिया के डीन डॉ कुसुमाकर घोरपडे, रीता घोरपडे के साथ ही उपअधिष्ठाता तथा विभाग प्रमुख डॉ अपूर्व पावडे, वरिष्ठ समाजसेवा अधीक्षक मारोती कुचनकर, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक अरविंदकुमार सिंह, गोंदिया शाखा के प्रबंधक निमजे एवं पराग सांगोले उपस्थित थे। एम्बुलेंस सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रहने के साथ ही यात्रा के दौरान आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में सक्षम है। जिसके चलते आपातकालीन परिस्थिति में मरीजों को जल्द प्रतिसाद देने में मदद मिलेगी। साथ ही मरीजों को अधिक आरामदायी और सुरक्षित यात्रा की सुविधा उपलब्ध होगी।

## सालेकसा तहसील के बिजेपार में सीमेंट सड़क के काम में अनियमितताएं सड़क निर्माण कार्य की हो जांच



**सालेकसा**-सालेकसा तहसील के बिजेपार में सीमेंट सड़क के काम में अनियमितताएं हुई है. यहां 90 प्रतिशत काम घटिया गुणवत्ता के हुआ है. सीमेंट सड़क के नीचे कोई लोहे की जाली या चटाई नहीं बिछाई गई है. पुरानी सीमेंट सड़क पर नई सीमेंट सड़क बनाकर बिल जारी कर दिया गया, लेकिन काम एस्टीमेट के अनुसार नहीं हुआ. पानी भी नहीं डाला गया, सिर्फ ऊपर घास-फूस डालकर सीमेंट का फव्वारा बना दिया गया. कार्य की लंबाई 104 मीटर व चौड़ाई 3 मीटर है. इस कार्य पर लोक निर्माण विभाग ने 10 लाख रु. खर्च किए हैं. जानकारी के अनुसार कनिष्ठ अभियंता व उपविभागीय अधिकारी के साथ-साथ कार्यकारी अभियंता सिर्फ कार्यालय व फोन संपर्क के जरिए ही कार्यों की निगरानी कर रहे हैं, लेकिन हकीकत में यह निर्माण कार्य पर नहीं जाते. इसका फायदा ठेकेदार उठाते हैं. इस संबंध में अधिक जानकारी लेने पर कनिष्ठ अभियंता द्वारा गोलमोल जवाब दिया जाता है. उपविभागीय अधिकारी व बिजेपार में सीमेंट सड़क का काम चल रहा था, उस समय लोगों का आना-जाना लगा रहता था, इसलिए सीमेंट रोड में जगह-जगह बड़ी दरारें पड़ गई थीं. लेकिन, मैंने संबंधित ठेकेदार से फोन पर बात की है और उसे सीमेंट रोड की फिर से मरम्मत करने के लिए कहा है. - अमोल हजारे, कनिष्ठ अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सालेकसा कार्यकारी अभियंता फोन नहीं उठाते. मांग की जा रही है कि बिजेपार में सड़क कार्य व केहरीटोला-मसीटोला में डामर सड़क कार्य की उच्चस्तरीय जांच की जाए

## महाशिवरात्रि पर्व पर पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन की उपस्थिति में राष्ट्रवादी कांग्रेस द्वारा किया गया महाप्रसाद का वितरण



**गोंदिया**- महाशिवरात्री के पावन पर्व पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन की प्रमुख उपस्थिति में राष्ट्रवादी कांग्रेस द्वारा भगवान भोलेनाथ के भक्तों की सेवा के लिये भक्ति भाव के साथ महाप्रसाद एवं अनेक शिव मंदिरों में सेवाएं प्रदान की गई। महाशिवरात्रि के अवसर पर सर्वप्रथम बम बम भोले, ओम नम: शिवाय की गर्जना के साथ शिव धाम नागरा में पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन के साथ ही उनके सुपुत्र निखिल जैन ने भगवान शिव का दुग्धाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया, एवं महाशिवरात्री पर समस्त शिव भक्तों को मंगलमय शुभेच्छा भी दी।भोलेनाथ सर्व शिवभक्तों के जीवन में सुख शांती, समृद्धी प्रदान करें ऐसी मनोकामना एवं प्रार्थना की तो वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस की ओर से कटंगीकला में महाप्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री निखिल जैन, देवेंद्रनाथ चौबे, अखिलेश सेठ, राजू एन जैन, केतन तुरकर, हरगोविंद चौरसिया, संकल्प जैन, रौनक ठाकुर व बड़ी संख्या में भक्त गण उपस्थित रहे।

## 1,89,220 रु. का माल जब्त चोरी के माल सहित 3 आरोपी गिरफ्तार



**गोंदिया**-सालेकसा थाने में दर्ज अपराध में तीन आरोपियों को स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने आमगांव तहसील के ग्राम जवरी से गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से कुल 1 लाख 89 हजार 220 रु. का माल जब्त किया गया है. आरोपियों के नाम आमगांव तहसील के ग्राम जवड्डरी निवारी चंद्रकुमार श्रावण दिवाले (41), खिलेश सुरेंद्र गायधने (30) व दिनेश श्यामराव हत्तीमारे (35) बताया गया है. सालेकसा थाने में दर्ज सिगरेट पैकेट चोरी के अपराध की जांच स्थानीय अपराध शाखा की टीम कर रही थी. 24 फरवरी को हवलदार सबोधकुमार बिसेन के साथ पुलिस उपनिरीक्षक वनिता सायकर, हवलदार प्रकाश गायधने, दुर्गेश तिवारी, इंद्रजित बिसेन, सिपाही राम खंडारे चोरी हुआ माल व आरोपियों की तलाश कर रही थी. इसी बीच जानकारी मिली कि जवरी निवासी चंद्रकुमार दिवाले, खिलेश गायधने व दिनेश हत्तीमारे ने माल की चोरी की है. इसी दौरान ग्राम जवरी से आरोपियों को हिरासत में लिया गया. उनसे पूछताछ करने पर उन्होंने टालमटौल जवाब दिया. इसके बाद उनकी गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना जुर्म कबुल किया. आरोपी चंद्रकुमार दिवाले के पास से 1 लाख 29 हजार 220 रु. कीमत के दो प्लास्टिक बोरी में रखे सिगरेट पैकेट व आरोपी दिनेश हत्तीमारे के पास से 60 हजार रु. कीमत की मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 बी 1629 ऐसे कुल 1 लाख 89 हजार 220 रु. का माल जब्त किया गया है.

# नगर परिषद की लचर कार्यप्रणाली विधायक विनोद अग्रवाल ने की जमकर खिंचाई

## शिक्षा, सफाई, शौचालय, सिटी सर्वे, टैक्स, आवास सहित गंभीर मुद्दों पर अधिकारियों को लगाई लताड़

**बुलंद गोंदिया।** गत 3 वर्ष से स्थानीय निकाय चुनाव न हो पाने पर प्रशासक राज में चल रही गोंदिया नगर परिषद की लचर कार्यप्रणाली की आ रही शिकायतों का संज्ञान लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाकर उनकी खिंचाई की।

गोंदिया शहर के ज्वलंत मुद्दों साफ-सफाई, शिक्षा, आवास योजना, शौचालय, स्ट्रीट लाइट, टैक्स, सीटी सर्वे सहित अनेक मुद्दों को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने 17 फरवरी को नगर परिषद में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ ही, पूर्व सभापति, नगर सेवक एवं आम नागरिकों की उपस्थिति रही। विधायक विनोद अग्रवाल ने आवास योजना पर अनेक लाभार्थियों को क़िस्त न मिलने, पैसा आने पर देरी करने पर सुस्त अधिकारियों को फटकार लगाकर एक हफ्ते में रुकी सभी क़िस्त देने का निर्देश दिया। आवास योजना के तहत लाभार्थी से क़िस्त देने के एवज में रिश्वत की मांग करने की शिकायत आने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। और नगर परिषद कार्रवाई नही करती है तो विधायक श्री अग्रवाल ने उनके कार्यालय में इसकी शिकायत करने आम नागरिकों से अपील की।



इसके अलावा पुरानी परंपरा अनुसार जोन पद्धति पर चल रही सफाई व्यवस्था को सुधारित करने प्रभाग निहाय कचरा प्रबंधन, सफाई को लेकर प्रत्येक प्रभाग में 10 सफाई कर्मचारी नियुक्त करने के आदेश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आम नागरिक सफाई की बिगड़ती व्यवस्था से अत्यंत परेशान है, उनके समाधान हेतु 1 कमर्चारी को प्रभाग प्रमुख बनाकर उसका मोबाइल नम्बर जारी किया जाए।

इसके आलावा शहर में सुलभ शौचालयों की व्यवस्था नाममात्र होने पर, इसकी संख्या 10 से अधिक करने एवं इन सुलभ शौचालयों की देखरेख व सफाई हेतु एजंसी नियुक्त करने के निर्देश दिए। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, हम तीन माह के भीतर सभी सुलभ शौचालयों का निर्माण करेंगे।

इतनी बड़ी अ वर्ग की नगर परिषद होने के बावजूद हमारी टैक्स वसूली छोटी नगर पालिकाओं से भी कम है ये शोकांतिका की बात है। टैक्स की देनदारी हजारों शहर वासियों पर बकाया है पर वसूली क्यों नही की जा रही ? टैक्स वसूली को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने 2 माह के भीतर टैक्स वसूली और 4 माह के भीतर क्यूआर कोड से ऑनलाइन टैक्स भरने की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए।

ये बात सामने आई है कि हजारों ऐसे लोग है जिनके आवास निर्माण हुए पर टैक्स डिपार्टमेंट इनसे अनजान है। इनसे टैक्स वसूली हेतु जो उचित हो कार्रवाई करो। हमारा सिटी सर्वे का कार्य शुरू है जो 1 साल के भीतर पूरा होगा। इस कार्य से जमीन की अवैध बिक्री, सरकारी जमीन की बंदरबांट का सच सामने आएगा। और आम नागरिक को उसका अधिकार मिलेगा।

नगर परिषद अंतर्गत चल रही अव्यवस्थित, दम तोड़ती स्कूलों को लेकर विधायक ने नाराजी व्यक्त की। उन्होंने कहा, हम टैक्स वसूली तो करते है, शिक्षा कर भी लेते है पर हमारी बिगड़ैल व्यवस्था के चलते गरीबो को मुफ्त शिक्षा नही दे पा रहे है।

उन्होंने स्कूलों की स्थिति सुधारने, शिक्षकों के नदारद रहने पर हर स्कूल में बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करने, जो शिक्षक मनमर्जी से कार्य करते है उनपर कार्रवाई करने और सभी कॉन्वेंट स्कूलों में 10 माह के करार पर टीचरों की संख्या बढ़ाने, उनका समय पर वेतन देने के निर्देश दिए। इतना ही नही, विधायक ने कहा, मैंने जिला परिषद का शिक्षण सभापति रहते हुए पूरे जिलापरिषद शालाओं का कायापलट किया, सेमी इंग्लिश की शुरुआत की, जिसे सरकार ने सराहा और गोंदिया पैटर्न कर राज्य में लागू किया। हम इसी तर्ज पर सभी शालाओं में शिक्षा की स्थिति में सुधार लाकर बच्चों को मुफ्त शिक्षा का लाभ देंगे।

इनके अलावा आम नागरिकों द्वारा समय पर उपस्थित किये गए अनेक ज्वलंत मुद्दों को नप अधिकारियों के समक्ष रख उनके समाधान के निर्देश विधायक विनोद अग्रवाल ने दिए। उन्होंने कहा, आज जो भी निर्देश दिए है उस पर तत्काल प्रभाव से अमल लाया जाए, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

सभा के दौरान विधायक विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में नप मुख्याधिकारी संदीप छीद्रवार, सी.ए राणे, कशिश जायसवाल धर्मेश (बेबी) अग्रवाल, सुनील केलनका, भावना कदम, राजेश बघेल, विजय रगड़े, ऋषिकांत साहू, अनिल हुंदानी, रिंकू आसवानी, घनश्याम पानतवने, , लालू शर्मा, विवेक मिश्रा, बंटी पंचबुद्धे, मुकेश मिश्रा, जयंत शुक्ला आदि सहित सभी विभाग के अधिकारियों की उपस्थित थे ।

## लोहे के रॉड से हमला

**गोंदिया**-गोरेगांव थाने के तहत पिंडकेपार निवासी फिर्यादी वीजेंद्र कटरे (41) के पिता ने लगाए हुए सब्जी का आरोपी टेंभुलाल राधेलाल कटरे (55) व आशिष टेंभुलाल कटरे (25) के बकरियां ने खा ली. इस दौरान फिर्यादी ने उन्हें हटक दिया. जिस पर आरोपियों ने फिर्यादी के खंदे लोहे की रॉड से प्रहार कर घायल कर दिया. फिर्यादी की शिकायत पर गोरेगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक प्रीति लांडे कर रहे हैं.

# भगवान शिव को भी अपना मंदिर बचाने न्यायालय में जाने की पड़ रही दरकार

**गोंदिया**- महाशिवरात्री को ही नही हर दिन भगवान भोलेनाथ के हजारों भक्त उनके दर्शन के लिए मिलो पैदल चलकर पोंगेझरा के मंदिर में पहुंचते रहे है। जिसकी अदालत में लोग न्याय मिलने की आशा के साथ जाते है । उस मंदिर को लेकर अब सरकारी अड़गे की वजह से सुरक्षा को लेकर गोरेगांव के भक्तजन परेशान हो रहे है।अब तो गोरेगांव तहसील अंतर्गत आनेवाले पोंगेजरा के भगवान शिव को ही अपना अस्तित्व बचाने के लिए न्यायालय में जाकर न्याय की गुहार लगाने की बारी आन पड़ी है। समिती के सदस्य बता रहे कि पोंगेझरा के भगवान शिव का मंदिर नागझिरा अभ्यारण्य की जद में आने से इस स्थल का अस्तित्व खतरे आ गया है। वाइल्ड लाइफ के जटिल नियमों के कारण इस स्थल को तीर्थस्थल की श्रेणी प्राप्त नहीं हो रही है। ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय राणे कहते है कि भगवान शिव के स्थल को बचाने के लिए शिव मारुति मंदिर ट्रस्ट की ओर से न्यायालय में जाकर न्याय की गुहार लगाई जाएगी। पोंगेझरा तीर्थ यह स्थल गोरेगांव तहसील के बोडूदा श्रेत्र में है लेकिन अब इस स्थल को नागझिरा अभ्यारण्य में शामिल किया गया है। नागझिरा अभयारण्य के अस्तित्व में आने के पूर्व से ही ऊंची पहाड़ी पर भगवान शिवजी के मंदिर का निर्माण किया गया है। इस तीर्थस्थल का विशेष महत्व है, क्योंकि यहां स्वयंभू गायमुख है। इस तीर्थ स्थल पर अयोध्या के महर्षि संत मुक्तानंद स्वामी जगद्गुरु रामजी महाराज ने तपस्या की थी। यहां कई संत-महात्माओं ने अलौकिक सिद्धियां प्राप्त की हैं और यह स्थान संतों की तपस्थली के रूप में भी प्रसिद्ध है। आज भी भारत से कई साधु-संत इस क्षेत्र में आकर पोंगेझरा जाते हैं। प्राचीन कालिन यह मुगलकालीन मंदिर गोंड राजा करणशाह की पारिवारिक धरोहर के रुप में मान्यता है। उन्होंने ही इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था।



1908 में अंग्रेजों द्वारा प्रकाशित गैजेटीअर में वर्णित है कि यहां 15 दिन की यात्रा लगती है ।कुछ समय पहले आलेबेदार नामक एक गाँव था। उस आरा रीठी आलेबेदार को बोंडुंदा गांव में शामिल कर लिया गया था। यह मंदिर तिरखेड़ी और हिरड़ामाली जमींदारी के विभाजन के बाद उस क्षेत्र में महादेव का एक मंदिर स्थापित किया गया और उन्हें पोंगेझरा नाम भी दिया गया। पोंगेजझरा मंदिर बोडुंदा, तिरखेड़ी और हिरड़ामाली गाँवो की शान है। लेकिन अब यह स्थल उपेक्षा का शिकार बनता जा रहा है। सिलिंग के बाद यह भूमि जमींदारी से नागझिरा अभयारण्य क्षेत्र में चली गईऔर पोंगेजझरा स्थल आरक्षित वन के 402 गट के अंतर्गत आ गया है।

श्री शिव मंदिर और मारोती मंदिर ट्रस्ट मंदिर के जीर्णोद्धार और पर्यटन क्षेत्र के विकास और भक्तों की व्यवस्था पर काम कर रहा हैं। लेकिन वन्य जीव विभाग के कड़े नियम इसमें बाधा बन रहे है। यही एक वजह है कि इस तीर्थ स्थल को तीर्थ क्षेत्र का दर्जा प्राप्त नहीं हो रहा है। तीर्थ क्षेत्र का दर्जा प्राप्त नहीं होने से भगवान शिव का यह पवित्र स्थल का अस्तित्व खतरे में आ गया है । जिसे बचाने के लिए श्री शिव व मारुति मंदिर ट्रस्ट की ओर से न्यायालय में अर्जी लगाकर न्याय की गुहार लगाने की तैयारी की जा रही है। न्याय के लिए न्यायालय के समक्ष भगवान शिव के स्थल की प्रमुख भूमिका को रखा जाएगा।

# गिरोला हेटी क्षेत्र में मृतअवस्था में पाया गया तेंदुआ

**बुलंद गोंदिया।** सड़क अर्जुनी वन परिक्षेत्र कार्यालय के अंतर्गत सौंदड वन क्षेत्र के गिरोला हेटी गांव के पास एक तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया। तेंदुए की मौत का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सड़क अर्जुनीतहसील के सौंदड अंतर्गत गिरोला हेटी में बस स्टेशन से दस मीटर की दूरी पर एक तेंदुआ मृत अवस्था में देखा गया । ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना अर्जुनी वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम किया। हालाँकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस तेंदुए की मौत का वास्तविक कारण क्या था। मृतक तेंदुए का विसरा जांच के लिए नागपुर भेजा गया है और उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इस मामले की आगे की जांच आरएफओ मिथुन तरोने, संयुक्त वन रेंज अधिकारी युवराज राठौड़ और वन रक्षक उंदिरवाडे द्वारा की जा रही है।



# सांसद प्रफुल पटेल व सौ वर्षा पटेल का जन्मदिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने मनाया

**बुलंद गोंदिया।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गोंदिया द्वारा सांसद प्रफुल पटेल व सौ वर्षाताई पटेलके जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी भवन रेलटोली कार्यालय मे पूर्व विधायक राजेंद्र जैन व पक्ष पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा बढ़े उत्साह के साथ केक काटकर मिठाईंया बाटी गई व आतिशबाजी कर जन्मदिन मनाया गया व उनकी स्वास्थ्य जीवन व दीर्घायु की शुभकामनाएं की। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस व प्रयास बहुउद्देशीय सेवा संस्था के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन कर अनेकों ने रक्तदान किया। रक्तदान में बाई गंगाबाई रुग्णालय के डॉक्टर व आरोग्य कर्मचारीओ का सहयोग प्राप्त हुआ।



इस अवसर पर राजेन्द्र जैन, प्रेमकुमार राहंगडाले, सुरेश हर्षे, देवेंद्रनाथ चौबे, प्रभाकर दोनोडे, राजलक्ष्मी तुरकर, बालकृष्ण पटले, टी एम् पटले, राजू एन जैन, केतन तुरकर, जगदीश बावनथडे, शिवलाल जमरे, नीरज उपवंशी, माधुरी नासरे, आशा पाटिल, कुंदा दोनोडे, शर्मीला पाल, रवि पटले, अखिलेश सेठ, किरण पारधी, अनूज जायसवाल, विजय राहंगडाले, प्रदीप रोकड़े, लखन बहेलिया, संजीव राय, रमण उके, सौरभ जायस्वाल, करण टेकाम,नितिन टेंभरे, हरिराम आसवानी, सुनील पटले, शैलेश वासनिक, नागो बन्सोड, कपिल बावनथडे, अविनाश महावत, रौनक ठाकुर, दिलीप डोंगरे, पंकज चौधरी, गोविन्द लीचड़े, मंगेश रंगारी, किशोर पारधी, सुनील ब्राम्हणकर, घनश्याम फाये, विनोद पटले, प्रशांत सोनपुरे, प्रमोद लांजेवार, कुणाल बावनथडे, आकाश वाढवे, विनोद बोहरे, राजकुमार तवाडे, सचिन बसोड़, चौकलाल येडे, लंकेश पटले, सुरेंद्र कटरे, पप्पू ठाकरे, सुभाष यावलकर, बबलू बिसेन, प्रमोद मेंढे, महेंद्र राहंगडाले, विजय भांडारकर, श्रेयष खोबरागड़े, राहुल गेडाम, रमाकांत मेश्राम, राजू बावंनथडे,अजय चव्हाण, संदीप बानेवार सह बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सांसद प्रफुल पटेल व सौ. वर्षाताई पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष पर गौशाला में गौमाता कि पूजा



**बुलंद गोंदिया।** सांसद प्रफुल पटेल व सौ. वर्षाताई पटेल के जन्मदिन के उपलक्ष पर श्री कृष्ण गौरक्षण (गौशाला) गोंदिया में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हस्ते गौमाता कि पूजा व सेवा कर सांसद प्रफुल पटेल व सौ. वर्षाताई पटेल के स्वास्थ जीवन व दीर्घायु कि शुभकामनाएं कि गई । इस अवसर पर महेश गोयल, देवेंद्रनाथ चौबे, महेंद्र खंडेलवाल, बाळकृष्ण माहेश्वरी, दिनेश अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, राजू एन जैन, माधुरी नासरे, आशा पाटील, कुंदा दोनोडे, प्रेम जायस्वाल, दिनेश जयपुरिया, केतन तुरकर, विनीत सहारे, साजन वाधवानी, भगत ठकरानी, पप्पू महाराज, हरबक्ष गुरुनानी, संजू शर्मा, मनोहर वालदे, राजेश दवे, सुनील पटले, शैलेश वासनिक, राजू भगत, झणकलाल ढेकवार, रमण उके, सौरभ जायस्वाल, करण टेकाम, हरिराम आसवानी, नागो बन्सोड, कपिल बावनथडे, अविनाश महावत, रौनक ठाकुर, कुणाल बावनथडे, गणमान्य नागरिक व विश्वस्त मंडळ उपस्थित थे ।

# फुलचुर स्थित शिवधाम प्रवेश द्वार का लोकार्पण क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास करेंगे : जैन

**गोंदिया**-महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सांसद प्रफुल्ल पटेल के प्रयासों से तीर्थक्षेत्र निधि के अंतर्गत गोंदिया तहसील के फुलचुर में स्थित शिवधाम प्रवेश द्वार का लोकार्पण पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हाथों किया गया. पूर्व समाज कल्याण सभापति पूजा अखिलेश सेठ के प्रयास से ग्राम फुलचूर में शिवधाम प्रवेश द्वार स्वीकृत हुआ. पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने आश्वासन दिया कि वे आने वाले दिनों में फुलचूर व आसपास के क्षेत्र की उन्नति व विकास के लिए प्रयास करेंगे तथा सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी. इस अवसर पर संजय टेभरे, मिलन रामटेक्कर, राजेश चतुर, अखिलेश सेठ, स्नेहा गौतम, राजकुमार बघेले, माणिक तुरकर, रविकांता नागपुरे, दुर्गा राऊत, श्रीराम भुजाड़े, भूमेश्वर बिसेन, संजय हीरापुरे, विनोद पटले, मनीष बैस, संभु बिसेन, सुरेश गुप्ता, करण टेकाम, सुनील पटले, शैलेश वासनिक, श्रीधर चन्ने, रौनक ठाकुर सहित ग्रापं पदाधिकारी व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे.



## पिंपलगांव खांबी में गोठे में शॉट सर्किट से लगी आग

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के पिंपलगांव खांबी गांव में 23 फरवरी की रात 9 बजे अचानक मवेशियों के गोठे में आग लग गई. अग्निशमन विभाग का वाहन तुरंत पहुंचा और आग पर काबू पाया गया. सौभाग्य से गोठे के जानवर और बगल के घर सुरक्षित थे. वहीं करीब दस पशुओं की जान बच गई और बड़ा हादसा टल गया. ग्राम पिंपलगांव में देवदास तरोने के घर से सटे गोठे में देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई. रात के समय गोठे में गाय-भैंस समेत करीब दस पशु बंधे हुए थे. अचानक आग लगने की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया. ग्रामीणों ने घटना की जानकारी जिप अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर को दी. भेंडारकर ने घटना की गंभीरता को समझते हुए तुरंत अग्निशमन विभाग से संपर्क किया और कुछ ही देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं. दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया. जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टल गई. इस दौरान जिप अध्यक्ष भेंडारकर ने पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने के प्रयास का आश्वासन दिया. इस अवसर पर पंस उपसभापति संदीप कापगते, सरपंच विलास फुंडे व ग्रामीण उपस्थित थे.

### अवैध रेत परिवहन मामले में ट्रक जब्त

**भंडारा**-जिले के भिलेवाड़ा से करचखेडा रोड पर, टेकड़ी के पास अवैध रेत परिवहन के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 50.36 लाख रुपये मूल्य का ट्रक और रेत जब्त की है.

## बाइक लौटाकर पीटा

**गोंदिया**-पुष्पनगर अर्जुनी मोरगांव निवासी समोल नागेन परामन्य (60) व आरोपी प्रसाद रमेश मंडल (35) एक ही गांव के होकर आरोपी, फिर्यादी की मोटरसाइकिल लेकर केशोरी गया था. लेकिन काफी देर तक वह नहीं लौटा. उसके लौटने के लिए उसे धमकाया. आरोपी ने फिर्यादी के साथ वाद विवाद कर मारपीट की. फिर्यादी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है.

# गुजरी बाजार चौक में छत्रपति शिवाजी जयंती मनाई

**बुलंद गोंदिया।** छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व पार्षद सामाजिक कार्यकर्ता भरत क्षत्रिय के हस्ते गुजरी बाजार चौक,रामनगर में दीप प्रज्जवलित और शिवाजी महाराज के छायाचित्र परपुष्पहार अर्पित कर जयंती उत्सव मनाया गया । कार्यक्रम में समस्त रामनगर परिवार के लोगों ने सबको जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी । प्रवीणकुमार जायसवाल,अजय यादव, माधव गारसे, शैलेन्द्र सिंह राणा, गुरुदास मूलचंदानी, अनिल जांगड़े, हर्षवर्धन जायसवाल, आशुतोष शर्मा, उमेश बेस, नरेश मस्के, अशोक गिरधर, तुपकर और समस्त रामनगर परिवार की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यहाँ छत्रपति शिवाजी महाराज जी की जयंती पर भव्य रैली का स्वागत भी किया गया ।



स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।